# प्रसार भारती

## आकाशवाणी शिमला

**18.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

### जी–राम जी

लोकसभा ने विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन–ग्रामीण विकसित भारत ग्रामीण विकास विधेयक–जी–राम–जी–2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा–2005 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। इस विधेयक के तहत, प्रत्येक वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ 25 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक है उसे मजदूरी दी जाएगी। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों के लिए 60 और 40 होगा, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 होगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

---

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छात्रों को प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों के समान आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है।

---

### सिकंदर कुमार

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि बनास डेयरी और बीबीएसएसएल के बीच एम.ओ.यू. सरकारी से सहकारी सहयोग को बढ़ावा देने की सरकार की परिकल्पना के अनुरूप है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि किसानों की आय में सुधार करने और प्रमाणित बीज उत्पादन सहित आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए ये समझौता ज्ञापना सरकार की सहकार से समृद्धि की परिकल्पना को दर्शाता है।

---

### सुधीर शर्मा

भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर कार्निवल जैसे सांस्कृतिक आयोजनों की आड़ में उगाही कराने का गंभीर आरोप लगाया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवल के नाम पर पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियों और अन्य लाइसेंस धारकों से सरकारी पत्र जारी कर धन मांगा जा रहा है, जो प्रशासनिक शक्ति का दुरुपयोग है। सुधीर शर्मा ने इसे दबाव में की जा रही

वसूली बताया और कहा कि सरकार इसके लिए बजट का प्रावधान करे। उन्होंने कहा कि भाजपा इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है और सरकारी तंत्र के इस दुरूपयोग के खिलाफ पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

---

**राज्य चयन आयोग**

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने टीजीटी आर्टस के पदों को भरने के लिए कंपयूटर आधारित परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। आयोग द्वारा अभ्यार्थियों के लिए आयोग की वैबसाइट पर परीक्षा से एक सप्ताह पहले लिंक का प्रावधान किया जाएगा जिससे अभ्यार्थी अपना रोल नंबर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर पाएंगे। रोल नंबर व परीक्षा केंद्र की जानकारी मोबाइल फोन पर एस.एम.एस. के माध्यम से भेजी जाएगी।

---

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार के अनुसार 19 दिसंबर की रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी के आसार है। इससे लोगों को काफी हद तक सूखी ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है।

---